तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

10 विजयदशमी त्यौहार: बुराई पर अच्छाई की हुई जीत...



10 विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक सेंसर- प्रोग्रामिंग के साथ आधुनिक...



खबर संक्षेप

मकान की दीवार तोड़कर चुराया हजारों का सामान

यमुनानगर। चोरों ने जगाधरी के हुडा सेक्टर 17 स्थित सूने मकान की दीवार तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक 10 दिन बाद जब अपने मकान पर आया तो उसे चोरी की जानकारी मिली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अंबाला जगाधरी रोड स्थित मालवीय नगर निवासी अनुज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका हुडा सेक्टर 17 में मकान है। 11 अक्टूबर को वह मकान का ताला लगाकर अपने घर चला गया था।

तेजधार हथियार से युवक पर हमला कर किया घायल

यमुनानगर। गांव कामी माजरा में रंजिश के चलते पांच लोगों ने गांव के ही रवि कुमार पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कामी माजरा निवासी रवि कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले राकेश कुमार व रिशिपाल के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। रवि कुमार ने बताया कि 18 अक्टूबर को रात 10 बजे वह गांव में किसी काम से जा रहा था।

धान उठान में न बरती जाए लापरवाही

अंबाला। जिले की मंडियों में धान खरीद और उठान के लिए प्रशासनिक सख्ती बढ़ा दी गई है। अब तक जिला में 3.16 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसमें से 2.63 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जबकि 91 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान का उठान अभी बाकी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सोमवार को अपने कार्यालय में धान खरीद कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों से अब तक की प्रगति का पूरा ब्योरा लिया। बैठक में वीसी के जरिए जुड़े सभी संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मंडियों का लगातार औचक निरीक्षण करें ताकि खरीद और उठान प्रक्रिया में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए।

नशा तस्करी के मामले में मां-बेटी गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए नारायणगढ़ टीम को एक और बड़ी सफलता हासिल हुई है। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी के आरोप में एक मां और बेटी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला दोनों मां और बेटी है जिनके कब्जे से 47 किलो 730 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया गया है। आरोपी महिला किसी वाहन में सवार होकर आई थी। नशा सप्लाई करने के लिए थाना साहा क्षेत्र के अंतर्गत लंगर छन्नी में इंतजार कर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी महिलाओं को काबू कर लिया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में महिला आरोपियों ने खुलासा किया है कि वे इस मादक पदार्थ को दिल्ली से लेकर आई थीं।

बच्ची से यौन शोषण के आरोपी को भेजा जेल

पानीपत। पानीपत के हुडा सेक्टर 13-17 थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल में केजी में पढ़ने वाली पांच साल की बच्ची से यौन शोषण के आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर 35 वर्षीय वैन चालक जोगिंद्र निवासी फरीदपुर को पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं, आरोपी के परिजन कोर्ट पहुंचे और वहां हंगामा करते हुए उसे बेगुनाह बताया।

सीएम से किया जय भारत कला मंच को 11 लाख रुपये देने का ऐलान

श्रीराम का जीवन हमें धैर्य व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है : सैनी

मुख्यमंत्री ने लाडवा में रामलीला शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने कहा कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें धैर्य, मयार्दा, भाईचारे और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और अच्छाई का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ प्रदेश में विकास कार्य करवा रही है। सरकार का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचे और प्रदेश में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता तथा सद्भाव की भावना और मजबूत हो।



राम के आदर्श अपनाने का किया आह्वान

मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने मंगलवार को लाडवा में जय भारत कला मंच द्वारा निकली गई शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुगनी देवी स्कूल के सामने जय भारत कला मंच द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई विशाल शोभायात्रा को रवाना करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंच के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम की आरती की और शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने जय भारत कला मंच को 11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। जय भारत कला मंच की ओर से निकाली गई विशाल शोभायात्रा लाडवा की संगम मार्केट स्थित रामलीला स्थल से शुरू हुई। इसके बाद शोभायात्रा शहर की मुख्य सडकों से होते हुए शिवाला रामकुंडी पहुंची। शोभायात्रा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और विजयदशमी पर्व के महत्व का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने सभी से आह्वान किया कि वे त्योहारों को केवल उत्सव के रूप में मनाने तक सीमित न रखें, बल्कि उनसे मिलने वाली शिक्षाओं को अपने व्यवहार में भी उतारें। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति सत्य, मयार्दा और सद्भाव के रास्ते पर चलेगा, तभी एक बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर भाजपा के मुख्यामंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष अंकुश गोयल, समाजसेवी सचिन गर्ग, नपा प्रधान साक्षी खुराना, लाडवा मंडल प्रधान शिव गुप्ता, पूर्व नपा प्रधान नरेंद्र सिंघल, मंच के प्रधान अश्वनी गोस्वामी, सदस्य रोकी शर्मा, रोबिन गर्ग, विशाल भाद्वाज, विक्की मलिक, सुमित सैनी, सागर वर्मा, हन्नी शर्मा सहित मंच के अनेक सदस्य मौजूद थे।

बिजली कर्मचारियों ने फूंका सरकार का पुतला

21 अक्टूबर से आंदोलन तेज करने का फैसला



पिहोवा। नारेबाजी करते बिजली कर्मी।

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| पिहोवा

दशहरे के मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बिजली कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, बिजली मंत्री अनिल विज और हरियाणा विद्युत नियामक आयोग एचईआरसी के अध्यक्ष के पुतले फूंके। कर्मचारियों ने सरकार पर समझौते से पीछे हटने और नूंह व गुरुग्राम के लिए दोबारा पैरेलल लाइसेंस जारी करने का आरोप लगाया। यूनियन के प्रधान बलबीर रंगा और सचिव रणजीत सिंह ने बताया कि साझा मोर्चा के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 2026 को बिजली कर्मचारियों के साथ हुए समझौते के बावजूद पैरेलल लाइसेंस जारी किए जाने से कर्मचारियों में रोष है। इस मुद्दे पर बिजली कर्मचारियों में प्रदेश सरकार के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी सरकार द्वारा इन कंपनियों को जारी किए गए लाइसेंस की प्रतियां जलाकर विरोध जताएंगे।

बिजली के निजीकरण के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

पानीपत। बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर पानीपत सर्कल में बिजली निजीकरण के विरोध में बिजली मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सैनी और एचईआरसी अध्यक्ष मुकेश गर्ग के पुतले फूंके गए। प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्कल सचिव सुरेंद्र पूनिया और राजेंद्र नैन ने की। जबकि संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। राज्य उपप्रधान जितेंद्र सैनी ने कहा कि हरियाणा बिजली नियामक आयोग द्वारा गुरुग्राम और नूंह जिलों में निजी कंपनी इलेवन पावर को 25 वर्षों के लिए समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने का फैसला कर्मचारी और जनविरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे सरकारी बिजली निगमों को नुकसान होगा। संयुक्त मोर्चा ने 21 अक्टूबर को आयोग के आदेश की प्रतियां जलाने तथा 22, 23 और 24 अक्टूबर को प्रदेशभर में तीन दिन की पूर्ण हड़ताल करने का ऐलान किया। हड़ताल के तीसरे दिन आगे के आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी।

युवक की खेतों में पीट पीटकर हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने आरोपी किया काबू

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने करीब सवा चार महीने पहले गांव नाहर ताहरपुर के खेतों में पीट पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अभी तक पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। अपराध शाखा वन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि युवक की पीट पीटकर हत्या मामले में पुलिस ने एक और आरोपी नाहर ताहरपुर निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में आरोपी दुखेड़ी निवासी विश्वजीत, गांव नाहर ताहरपुर निवासी जितेंद्र कुमार, आशीष व वंश को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



यमुनानगर। हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपी प्रदीप पुलिस हिरासत में।

यह है मामला

अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि गांव उर्जनी निवासी नवीन(32) की गत 6 जून को पुरानी रंजिश के चलते नाहरपुर ताहरपुर में खेत मे पीट पीट कर हत्या की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

यमुनानगर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बना रावण दहन, उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ ने आतिशबाजी और अग्नि की लपटों के बीच इस भव्य नजारे को देखा।



मधुमक्खियों के काटने से किसान की मृत्यु, पत्नी को मिले 5 लाख रुपये

- मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना बनी पीड़ित परिवार का सहारा

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, खेतीहर मजदूरों एवं मंडी श्रमिकों को दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना चलाई जा रही है। इसी योजना के तहत मार्केट कमेटी की ओर से गांव अंबली के स्वर्गीय सूरजभान की पत्नी मंजीत कौर को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। किसान सूरजभान की अपने खेत में काम करते समय मधुमक्खियों के काटने से मृत्यु हो गई थी। योजना के प्रावधानों के अनुसार उनकी पत्नी को यह सहायता राशि दी गई है। कमेटी के चेयरमैन नरेंद्र राणा कुराली ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना का शिकार होने वाले किसानों, खेतीहर मजदूरों एवं मंडी श्रमिकों तथा उनके आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे साढ़े नौ लाख

यमुनानगर। विदेश भेजने के नाम पर गांव बसातियांवाला निवासी कुणाल से साढ़े नौ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप जिला अंबाला के गांव शेरपुर निवासी तुषार त्यागी पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बसातियांवाला निवासी कुणाल ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला अंबाला के गांव शेरपुर निवासी तुषार त्यागी के साथ हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने मार्च 2025 से अगस्त 2026 के बीच उससे अलग-अलग करके विदेश भेजने के नाम पर साढ़े नौ लाख रुपये ठग लिए। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपी से पैसे मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

सिविल अस्पताल परिसर में महिला की मौत

पानीपत। पानीपत के सिवितल अस्पताल की इमरजेंसी में सोमवार रात को इलाज के लिए पहुंची करीब 50 वर्षीय नफीसा निवासी गांव शिमला गुजरान, जिला पानीपत मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि महिला को यहां इलाज नहीं मिला, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि नफीसा को खून की उल्टियां हो रही थीं। परिजन नफीसा को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे थे। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने नफीसा को इंजेक्शन और दवा तो दी, जबकि उसे अस्पताल में भर्ती करने से इनकार कर दिया। परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों ने मंगलवार को विजयदशमी का अवकाश होने व बुधवार को नफीसा को फिर अस्पताल लाने की सलाह दी। परिजन, नफीसा को गाड़ी में बैठा कर अस्पताल के गेट तक ही पहुंचे थे कि नफीसा की मौत हो गई। परिजन फिर नफीसा को लेकर अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि नफीसा को चिकित्सकों ने देखने से मना कर दिया।

कहासुनी के बाद गर्दन पर चाकू से किया था वार, मुख्य आरोपी रमन गिरफ्तार



करनाल। करनाल पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी रमन उर्फ काला निवासी गांव बड़ागांव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के दिशा-निर्देशन में सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। सीआईए-1 इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि गांव बड़ागांव निवासी बलदेव उर्फ गौरव 18 अक्टूबर की रात तरावड़ी स्थित रास बसेरा के फ्लैट में गया था। वहां किसी बात को लेकर उसकी रमन उर्फ काला के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर रमन ने बलदेव की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इस संबंध में 19 अक्टूबर को थाना तरावड़ी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए-1 ने जांच करते हुए मुख्य आरोपी रमन उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से वारदात के कारणों और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों को लेकर पूछताछ कर रही है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की लापरवाही से हुए हादसे में मां-बेटे की मौत, मोहाली से लौट रहे थे

- एक अन्य हादसे में वाहन चालक की भी गई जान, पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला और उसके बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पहला हादसा नेशनल हाईवे-44 पर जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जबकि दूसरा हादसा पड़ाव थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहड़ा-शाहपुर मार्ग पर हुआ। यहां गलत साइड से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने चालकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। दूसरा दर्दनाक हादसा अंबाला-लाडवा मार्ग पर रिंग रोड मोहड़ा-शाहपुर रोड के पास चैतन्य स्कूल के सामने हुआ। यहां गलत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित नीले रंग के ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी सवार मां-बेटे को कुचल दिया। चालक घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया।मोहाली के खरड़ के कर्मचंद ने पड़ाव थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बहन किरण बाला वासी सैनी मोहल्ला, लाडवा, कुरुक्षेत्र और उनका भांजा कृष्णा धीमान खरड़ उनसे मिलने आए थे।

सुबह करीब पांच बजे दोनों अपनी टीवीएस जुपिटर स्कूटी पर सवार होकर लाडवा के लिए निकले थे जबकि कर्मचंद स्कूटी से उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। जब वे सुबह करीब पौने सात बजे शाहपुर डांगरी पुल के आगे पहुंचे तो कर्मचंद लघुशंका के लिए रुक गए। इस दौरान ही लापरवाह वाहन चालक ने उनको टक्कर मार दी।

लंका दहन से पहले ही फूंक दिए तीनों पुतले

अधजले रावण का सिर उठा भागने लगे लोग

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| करनाल

करनाल के सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड में मंगलवार को विजयादशमी उत्सव के दौरान अव्यवस्था की तस्वीर भी सामने आई। रामलीला के मंचन में लंका दहन से पहले ही रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों में आग लग गई। तीनों पुतले निर्धारित क्रम से पहले ही जलने से दशहरा देखने पहुंचे लोगों में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई।

पुतलों के जलने के दौरान स्थिति उस समय और बिगड़ गई, जब कुछ लोग अधजले पुतलों की ओर दौड़ पड़े। सामने आई तस्वीरों में एक अधजला पुतला जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है और मौके पर पुलिसकर्मी भीड़ को नियंत्रित करते नजर आ रहे हैं। बताया गया कि कुछ लोग अधजले रावण का सिर उठाकर ले जाने लगे, जिसके बाद पुलिस को भीड़ को पीछे हटाने के लिए लाठियां दिखाकर खदेड़ना पड़ा।

आमतौर पर रामलीला के निर्धारित प्रसंग और लंका दहन के बाद रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन दशहरा उत्सव का मुख्य आकर्षण होता है, लेकिन इस बार तीनों पुतलों के पहले ही जल जाने से कार्यक्रम का क्रम प्रभावित हुआ।





करनाल। सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड में अधजले पुतले के पास उमड़ी भीड़ को पीछे हटाता पुलिसकर्मी।



सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले खाक

रिमोट दबा तो धू-धूकर जला अहंकार, जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा करनाल



करनाल। सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन करते विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण व अन्य अतिथि।

यह पर्व अच्छाई की विजय और बुराई के अंत का प्रतीक



तरावड़ी। इस बार दशहरा पर्व का आयोजन गुग्गा माड़ी के नजदीक रानी तालाब पर ऐतिहासिक और भव्य रूप से किया गया। श्रीराम मेला समिति द्वारा आयोजित इस पर्व में हजारों की संख्या में नगरवासी शामिल हुए और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। सुबह से ही रानी तालाब परिसर में चहल-पहल बनी रही। नगर पालिका की ओर से सफाई और सजावट का विशेष प्रबंध किया गया था। दोपहर बाद विशाल शोभायात्रा पंचायती मंदिर से शुरू हुई, जो मुख्य बाजार, अंजनथली रोड और नगर खेड़ा से होती हुई रानी तालाब दशहरा मैदान में पहुंची। शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां, भक्ति गीत, बैंड-बाजे और रामलीला के जीवंत दृश्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बने। जगह-जगह व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक भगवान दास कबीरपंथी व सुभाष गुप्ता, राजीव नांरग, रिंकू खुराना, योगेश सरदाना ने शाम को रानी तालाब पर रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों को अग्नि देकर दहन किया। इस बार पहली बार तीनों पुतलों को एक साथ अग्नि दी गई। रावण का पुतला 60 फुट ऊंचा था जबकि मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले 55-55 फुट के बनाए गए।

हरविन्द्र कल्याण ने रामलीला सभा को 20 किलोवाट सोलर प्लांट देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल में विजयादशमी का पर्व मंगलवार को धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। सेक्टर-4 के पास दशहरा ग्राउंड में श्री रामलीला सभा की ओर से आयोजित दशहरा उत्सव में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महापौर रेणु बाला गुप्ता और पूर्व चेयरपर्सन मेघा भंडारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया। पुतलों में आग लगते ही पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इससे पहले श्री रामलीला सभा के पदाधिकारियों ने कल्याण को पटका पहनाकर और गदा भेंट कर सम्मानित किया। अन्य अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।दशहरा पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में भगवान गणेश, मां दुर्गा, हनुमान, राधा-कृष्ण, अशोक वाटिका, भगवान शिव-पार्वती और श्रीराम-सीता की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों को मोबाइल फोन का कम से कम प्रयोग करने और नशे से दूर रहने का संदेश देती झांकियों ने भी लोगों का ध्यान खींचा। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विजयादशमी असत्य, अहंकार, अत्याचार और बुराई पर सत्य, धर्म और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक रावण का वध किया था। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की ओर से भी लोगों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

जगमोहन आनंद बोले- अपने अंदर के रावण का भी करें अंत

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भगवान राम ने रावण का अंत कर पूरी दुनिया को अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। आज हमारे अंदर भी कई बुराइयां छिपी हैं, जिन्हें बाहर निकालने की जरूरत है। विजयादशमी पर सभी को अपने अंदर के कपट, छल और बुराइयों को हमेशा के लिए दूर कर अच्छे समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि विजयादशमी का पर्व वर्षों से बुराई के अंत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता रहा है। सभी को अपने अंदर की बुराइयों को त्यागकर नवनिर्माण और अच्छाई की ओर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद संकल्प भंडारी, श्री रामलीला सभा के प्रधान कपिल गर्ग, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष मनीष दीवान, सह सचिव अनुज जायसवाल, सदस्य अंकित गर्ग, राघव गर्ग, उमेश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इंद्री मे श्री राम नाटक अमर क्लब ने दहन किया 55 फीट के रावण का पुतला



इंद्री। इंद्री शहर में दशहरे का पर्व श्री राम नाटक अमर क्लब द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर कस्बे में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमे श्री राम, हनुमान व वानर सेना की मनमोहक झांकियां निकाली गई । इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप व पूर्व मंत्री भीमसेन मैहता ने मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत की । मंच का संचालन तरुण मैहता ने किया । श्री राम नाटक अमर क्लब व दशहरा कमेटी के प्रधान चंद्रप्रकाश सचदेवा ने बताया कि 55 फिट के रावण के पुतले का दहन कर दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर कस्बे मे एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें ढ़ोल, बेंड बाजा,भगवान श्री राम, हनुमान, वानर सेना आदि की झांकियां शामिल रही । यह शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से शुरू होकर दशहरा स्थल पर सम्पन्न हुई और प्रभु श्री राम के किरदार मे कलाकार द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया । उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है । इस मौके पर नपा चेयरमैन राकेश कुमार, सतीश भाटिया, विक्की मल्होत्रा, तरूण मैहता, प्रिंस धुडिया, मास्टर सुरेंद्र दत्त, रविंद्र गांधी, विक्की कालडा, सन्नी बजाज, नीरज शर्मा, काका वोहरा, सुदर्शन बजाज, विनू भाटिया व सुरेश सैनी सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहें ।









घरौंडा में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व

घरौंडा। श्रीराम दशहरा कमेटी की ओर से आज घरौंडा में दशहरा पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। जीटी रोड पर सरकारी स्कूल के खेल मैदान में रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष हरिवन्द्र कल्याण इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने लोगों को दशहरे की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। श्री रामलीला कमेटी के प्रधान मनीष गुप्ता ने कहा कि 95 साल से कमेटी दशहरा पर्व मना रही है। इस बार रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले क्रमशः 45, 40 और 35 फुट ऊंचे बनाए गए हैं। पर्व पर हर साल दर्शकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस मौके पर कमेटी के उप प्रधान संजीव शंटी, संजीव राणा, अमित कुच्छल, कमल धीमान, सुशील कुच्छल आदि मौजूद रहे।

माता मनसा देवी मंदिर में भव्य तोरण द्वार का निर्माण

तरावड़ी। नवरात्रों के पावन पर्व एवं विजयदशमी के शुभ अवसर पर स्वर्गीय लाला सतपाल गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में घंटाघर चौक स्थित श्री माता मनसा देवी मंदिर में भव्य तोरण द्वार का निर्माण करवाया गया। यह धार्मिक एवं पुण्य कार्य स्वर्गीय लाला सतपाल गोयल जी के सुपुत्र पंकज गोयल, चेयरमैन 521 बासमती राइस, तथा उनके पुत्र हर्ष गोयल द्वारा करवाया गया। माता रानी के प्रति श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त करते हुए स्वर्गीय लाला सतपाल गोयल को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। मंदिर में भव्य तोरण द्वार के निर्माण से श्रद्धालुओं में उत्साह एवं भक्तिभाव का माहौल रहा। कार्यक्रम में मंदिर के पंडित जी सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें सुनील गुप्ता, घनश्याम गोयल, प्रदीप अग्रवाल, आशीष गुप्ता, विपिन गुप्ता, मनीष बंसल, अंकुर गुप्ता तथा गौरव गर्ग आदि शामिल रहे।

अंगद ने रावण की सभा में जमाया पांव

करनाल। रामलीला मंचन में हनुमान द्वारा लंका से माता सीता की सुध लेकर भगवान राम के पास लौटने से लेकर लक्ष्मण की मूर्छा दूर होने तक के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। हनुमान ने माता सीता का पूरा वृत्तांत भगवान राम को सुनाया, जिस पर राम ने उन्हें स्नेह दिया। इसके बाद सुग्रीव, जामवंत और हनुमान सहित समस्त वानर सेना को लंका पर चढ़ाई का आदेश दिया गया और वानर सेना ने लंका पहुंचकर रावण की सेना से युद्ध किया।भगवान राम ने रावण को समझाने के लिए अंगद को दूत बनाकर भेजा। रावण की सभा में अंगद ने अपना पांव जमा कर चुनौती दी, लेकिन रावण के योद्धा उनका पांव नहीं हिला सके। रावण स्वयं पांव पकड़ने आगे बढ़ा तो अंगद ने पांव पीछे खींचते हुए उसे भगवान राम के चरण पकड़ने की सीख दी। युद्ध के दौरान मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गए।

बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व मनाया

घरौंडा। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरे का पावन पर्व घरौंडा में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री रामलीला कमेटी घरौंडा की ओर से जीटी रोड स्थित सरकारी स्कूल के मैदान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी, हैप्पीलक गुप्ता और अनाज मंडी के प्रधान जय भगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शहरवासियों ने बड़ी संख्या में उत्सव में भाग लेकर भगवान श्रीराम के आदर्शों को याद किया और पर्व की खुशियां साझा कीं। श्री रामलीला ग्राउंड से भगवान श्रीराम के जीवन और रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सुंदर एवं आकर्षक झांकियां निकाली गईं। बैंड-बाजे की मधुर धुनों के बीच निकली शोभायात्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरी।

खेतों से मोटर-तार चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



खेतों से ट्यूबवेल की मोटर और तार चोरी करने के मामले में सीआईए-3 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सरवर उर्फ कुटरी पुत्र जमील और गुलीस्तार उर्फ गुल्ला पुत्र अनवर, दोनों निवासी गांव राणा माजरा जिला पानीपत के रूप में हुई है।पुलिस अधीक्षक करन गोयल के मार्गदर्शन में सीआईए-3 इंचार्ज निरीक्षक अजेय के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा की टीम ने दोनों आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर 19 अक्टूबर को न्यायालय घरौंडा में पेश कर नियमानुसार गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना घरौंडा में खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व तार चोरी की शिकायत पर 7 सितंबर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की संलिप्तता के साक्ष्य जुटाए। पूछताछ में आरोपियों के कब्जे से 5000 रुपये नकद बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे की पूर्ति और जल्दी पैसा कमाने के उद्देश्य से घरौंडा क्षेत्र के खेतों से ट्यूबवेल की मोटर व तार चोरी करते थे। न्यायालय ने दोनों का एक दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया। रिमांड में पूछताछ और आवश्यक जांच पूरी करने के बाद उन्हें दोबारा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

लायशा बासमती राइस की ब्रांड एम्बेसडर बनीं यामी गौतम धर

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सिसिल ग्रुप के ब्रांड लायशा बासमती राइस ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री यामी गौतम धर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। यामी अब ब्रांड के टीवी, ओटीटी, सिनेमा, आउटडोर, डिजिटल और सोशल मीडिया विज्ञापनों में नजर आएंगी। इसके अलावा वह उपभोक्ता कार्यक्रमों और उत्पाद लॉन्च में भी शिरकत करेंगी। कंपनी के अनुसार लायशा का उद्देश्य बेहतर गुणवत्ता वाले बासमती चावल को रोजमर्रा के भोजन से जोड़ना है। भारतीय रसोई में राजमा-चावल और दाल-चावल से लेकर बिरयानी व खीर तक चावल की अहम भूमिका है। ब्रांड का मानना है कि अच्छी गुणवत्ता, स्वाद और खुशबू वाला चावल साधारण भोजन को भी खास बना सकता है। यामी गौतम धर ने कहा कि रोजमर्रा में लिए गए छोटे और समझदारी भरे फैसले महत्वपूर्ण होते हैं।

6 नवंबर को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा और भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता है कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से हरियाणा के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से फॉर्म 6, फॉर्म 7 और फॉर्म 8 के तहत प्राप्त दावों व आपत्तियों की सूचियां संबंधित राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई हैं। इनके निस्तारण का कार्य 28 अक्टूबर तक हर संभव पूरा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया का उद्देश्य प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

सैनी सरकार के दो वर्ष पूर्ण नायाब कार्यकाल: शिव नाथ



तरावड़ी। भाजपा के जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में नायब सिंह सैनी सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को लेकर प्रदेश वीकसित हरियाणा बनने की राह पर अग्रसर है। इन दो वर्षों के दौरान नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार की ओर से किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और जरूरतमंद परिवारों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर काम करने पर जोर दिया गया है। सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए शिव नाथ कपूर ने कहा कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सडक एवं बुनियादी ढांचे के विकास तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की प्रगति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वहीं, आम जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना और ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करना भी अहम निर्णय हैं। दो वर्ष पूरे होने पर शिव नाथ कपूर ने विश्वास जताते हुए कहा कि सैनी सरकार आने वाले समय में विकास कार्यों को गति देने और जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान करने में एक सक्षम सरकार है।

जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन सशक्तीकरण का संदेश

■ कालरों गांव में भाजपा की संगठनात्मक बैठक

घरौंडा। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को भाजपा मधुबन मण्डल के शक्ति केंद्र कालरों के पंचायत घर में शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से पहुंचे जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर,मधुबन मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ,शक्ति केंद्र प्रमुख सन्दीप लोहट व कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम दीन दयाल उपाध्याय व भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। बैठक में शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक, बीएलए-2 एवं बूथ अध्यक्षों सहित पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने संगठनात्मक गतिविधियों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत संगठनात्मक ढांचा है।

पार्सल में ड्रग्स मिलने का डर दिखाकर पैसे मांगे तो हो जाएं सतर्क

करनाल। करनाल पुलिस ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत लोगों को कूरियर और पार्सल के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से सावधान किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के दिशा-निर्देशन में अक्टूबर माह के दौरान जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी जा रही है।पुलिस के अनुसार साइबर ठग फोन कर दावा करते हैं कि संबंधित व्यक्ति के नाम से भेजे गए किसी पार्सल में ड्रग्स, नशीले पदार्थ या अन्य प्रतिबंधित सामान मिला है। इसके बाद कॉल को फर्जी पुलिस अधिकारी या जांच एजेंसी का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से जोड़ दिया जाता है। गिरफ्तारी, कानूनी कार्रवाई अथवा किसी मामले में फंसाने का डर दिखाकर पीड़ित से पैसे ऐंठने की कोशिश की जाती है।

आज डीसी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

विदेशी कंपनियों को सैटेलाइट इंटरनेट लाइसेंस देने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के मुद्दे पर जानकारी देते स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी।

भारत में विदेशी कंपनियों को उपग्रह इंटरनेट सेवाओं की अनुमति दिए जाने के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच ने देशव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिला मुख्यालयों पर मार्च निकालकर उपायुक्तों के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। करनाल में 21 अक्टूबर को सुबह 9 बजे स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता और राष्ट्रभक्त संस्थाओं के प्रतिनिधि मिनी सचिवालय के बाहर पार्क में एकत्रित होंगे। यहां से डीसी कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपेगा। स्वदेशी जागरण मंच के पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय पालक सतीश चावला ने कहा कि भारत सरकार को उपग्रह इंटरनेट सेवाओं के लिए विदेशी कंपनियों को लाइसेंस देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा है और इस क्षेत्र में स्वदेशी कंपनियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सरकार को सुरक्षा पहलुओं पर करना चाहिए विचार

उन्होंने स्टारलिंक को लाइसेंस देने पर किए जा रहे विचार पर चिंता जताते हुए कहा कि इंटरनेट सेवाओं से जुड़ा नियंत्रण और व्यवस्था भारत के भीतर होनी चाहिए। सैटेलाइट इंटरनेट का विषय देश की गोपनीयता, अखंडता और संप्रभुता से जुड़ा होने के कारण सरकार को सुरक्षा पहलुओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इस अवसर पर देवेंद्र अरोड़ा, प्रवेश अग्रवाल, ढुली चंद और अशोक चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पराली जलाने पर केस दर्ज होगा

पानीपत। हरियाणा सरकार की ओर से पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने किसानों से आह्वान किया कि वे फसल अवशेषों को खेतों में आग लगाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें और दूसरे किसानों को भी पराली न जलाने के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि खेतों में पराली जलाने वाले किसानों अथवा व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

श्री शिव शक्ति मंदिर में दुर्गा महोत्सव मनाया

पानीपत। श्री शिव शक्ति मंदिर अंसल में श्री शिव शक्ति सेवा संस्थान के तत्वावधान में दुर्गा नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवरात्र के दौरान मंदिर में माता की चौकी, भजन-कीर्तन और संकीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं, भजन गायक सोनू सहगल, उषा शर्मा, रुखी, वीणा नारायण, लीना टुटेजा कोमिका आदि उपस्थित रहे।

शहीद किशोरी को नमन किया

पानीपत। पानीपत के गांव छिछड़ाना में पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा की पानीपत इकाई ने 1962 भारत-चीन युद्ध के बलिदानी गनर किशोरी लाल को उनके 65वें बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा, शहीद के परिजन आदि उपस्थित रहे।

कैनवास बनाने में कोमल व दीया प्रथम

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल कैनवास प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कोमल व दीया, द्वितीय स्थान पर किरण व रिया, तृतीय स्थान पर कृतिका व राजीव तथा सांत्वना पुरस्कार सिद्धार्थ व सलोनी को प्रदान किया गया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. सुनित शर्मा, रूहानी शर्मा, निशा गुप्ता, रूचिका बतरा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रश्नोत्तरी मेंआशुतोष वृंदा, मीनाक्षी विजेता

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आशुतोष, वृंदा, मीनाक्षी की टीम प्रथम, मोहित, लक्ष्य, संजीव की टीम द्वितीय, मोहित सिन्हा, शिवम, वंश अहलावत की टीम तृतीय रही। विजेताओं को प्राचार्य सुभाष चंद्र जागलान, प्राध्यापक नीलम शर्मा, दीप्ति गाबा, योगिता गुलाटी, डॉ शिवम धवन, डॉ. रेनु, डॉ. मीनाक्षी, विकास यादव ने पुरस्कृत किया।

श्रमिकों को मिलेगी आर्थिक सहायता

पानीपत। हरियाणा सरकार ने खतरनाक औद्योगिक परिस्थितियों में काम करने के कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारियों से पीड़ित श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए हरियाणा न्यूमोकोनियोसिस पुनर्वास नीति लागू की है। नीति के तहत पात्र श्रमिक को बीमारी की पुष्टि होने पर एकमुश्त पांच लाख रुपये की पुनर्वास सहायता देने का प्रावधान किया गया है। सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य डिविज़न, पानीपत के डॉ. हरेंद्र मान ने बताया कि योजनाओं का लाभ निर्धारित पात्रता और आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर मिलेगा।

स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें

पानीपत। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने, गरीब एवं पात्र परिवारों तक राशन की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से उचित मूल्य की दुकानों (राशन डिपो) के लाइसेंस आवंटित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की है।

निरंकारी समागम में देश-विदेश से आएंगे 20 लाख श्रद्धालु

23 से 26 अक्टूबर तक होगा समागम, सुरक्षा को 600 सीसीटीवी कैमरे एक लाख स्वयं सेवक और 10 फायर टेंडर तैनात होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा में 79वें संत निरंकारी संत समागम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 23 से 26 अक्टूबर तक गांव भोड़वाल माजरी में आयोजित होने वाले इस विशाल संत समागम में करीब 20 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, परिवहन और साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों और संत समागम से जुड़े पदाधिकारी के साथ भोड़वाल माजरी समागम स्थल पर समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उपायुक्त ने सभा स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। ग़ौरतलब है कि करीब 700 एकड़ में फैले समागम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। परिसर को चार हिस्सों में विभाजित किया गया है और 42 स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अलग-अलग पार्किंग स्थलों को विशिष्ट नाम दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को अपने वाहन खड़े करने में परेशानी न हो। हिमाचल प्रदेश और अन्य क्षेत्रों से आने वाली बसों के लिए अलग स्टॉपेज बनाया गया है। सरकारी अधिकारियों के वाहनों के लिए भी अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। वहीं, सुरक्षा के लिए 600 सीसीटीवी कैमरे, एक लाख स्वयंसेवक की तैनातगी विशाल जनसमूह की सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए समागम क्षेत्र में की गई है।



समालखा। संत निरंकारी समागम को लेकर बैठक करते हुए डीसी, एसपी आदि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

110 बेड का अस्पताल तैयार

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 110 बेड का अस्पताल तैयार है। इसके अलावा प्रतीक्षालयों की साफ-सफाई, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था और परिवहन सेवाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। श्रद्धालुओं को वाई-फाई कूपन उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समागम से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। किसी भी विभाग की ओर से लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी आपसी तालमेल बनाए रखते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू आवागमन प्रशासन की प्राथमिकता है।

श्रद्धालुओं को नहीं हो असुविधा

पुलिस पोस्ट भी स्थापित की गई हैं, ताकि किसी भी परिस्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने बताया कि समागम के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी दिन और रात की दो अलग-अलग शिफ्टों में लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपनी ड्यूटी का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना होगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। समागम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार लंगरों की व्यवस्था की गई है, जबकि परिसर में 22 कैंटीन भी संचालित होंगी। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए 10 फायर टेंडर उपलब्ध रखने की व्यवस्था की गई है।

श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड की ओर से दशहरा उत्सव हुडा सेक्टर 13-17 में मनाया

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया



पानीपत। के हुडा सेक्टर-13/17 में जलते हुए रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले। और हुडा सेक्टर-13/17 में विजयदशर्म पर्व मेला को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, श्री राम दशहरा कमेटी बरसत रोड की ओर से दशहरा उत्सव हुडा सेक्टर 13-17 में आयोजित हुआ। रावण, कुम्भकरण, मेघनाद आदि के पुतलों का पूजन कर उन्हें जलाया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, डॉ. दिनेश वशिष्ठ, डॉ.सुमन वशिष्ठ, चन्द्रशेखर शर्मा, अतुल मित्तल, नितेश मित्तल, नवीन कुंडू, जगदीश जैन, मुकेश टूटेजा, विनोद जुनेजा, अशोक मेहता, प्रियंका चुघ, गुरू हाजी साधना किन्नर, प्रधान भीम सचदेवा, सुभाष गुलाटी, राधेश्याम नासा, भूषण मदान, सुनील थम्मन, हरीश अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। दूसरी ओर, श्रीदेवी मंदिर में श्री रामलीला कमेटी द्वारा आज दशहरा का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्यातिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता, नरेश सिंगला, राजन बंसल, अनंत सरीन, कुणाल जैन ने दीप प्रज्वलित करके लीला का शुभारंभ किया। इधर, श्री कृष्णा क्लब दशहरा कमेटी द्वारा हुडा सेक्टर 24 में आयोजित किये गए दशहरा उत्सव पर रावण, कुभकरण व मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। उत्सव में सानिध्य स्वामी दयानन्द सरस्वती, बलदेव महाराज व भगत जीवन प्रकाश का प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राधे श्याम बठला, राहुल बठला, विरेंद्र गुप्ता, पुनित बत्तरा, सतीश ढीगड़ा, सुरेश गुप्ता, अजय सिंगला, महेश नारंग, बालकिशन सिंगला, सचिन गर्ग, कमल दुआ, अतुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इधर, दशहरा कमेटी सनौली रोड ने हुडा सेक्टर-25 के मैदान में रावण दहन किया। यहां प्रधान रमेश माटा, संरक्षक वीरेन्द्र सोनी, सूरज दुरेजा, गजेन्द्र सलूजा, बसंत रामदेव, पुरूषोतम शर्मा, प्रीतम गुलाटी, तिलक राज छाबड़ा, जयदयाल तनेजा, चमन सेठी, किशोर अरोड़ा, अशोक नारंग, वेद बांगा, डा.रमेश चुघ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया, पानीपत शहर के विधायक प्रमोद विज तथा सांसद संजय भाटिया की पत्नी अंजू भाटिया ने शिरकत की।


पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा के प्रधान तरुण गांधी विजयदशमी पर्व का पूजन करते हुए।


इसराना। श्री विजयदशमी पर्व पर दंगल में मुकाबलारत पहलवान। फोटो : हरिभूमि

श्री विजयदशमी पर्व पर दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

पानीपत के गांव इसराना में दशहरा ईनामी कुश्ती दंगल ने विजसदशमी पर्व पर 50 साल पूरे कर लिये है। वहीं, इसराना के कुश्ती दंगल से अभ्यास कर 50 सालों में अनेक पहलवानों को तैयार कर पहचान दिलाई है। इसराना अखाड़ा के पहलवानों ने देश दुनिया में गांव के साथ साथ प्रदेश ओर देश का नाम रोशन किया है। इसराना के पहलवानों ने राष्ट्रीय ओर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहलवानों ने पहचान दिलाई है जिसमें महिला पहलवानों की भूमिका भी अहम रहीं हैं। इसराना में जो कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है वह सभी के सहयोग से आयोजित किया जाता है जो आपसी भाईचारे की मिशाल भी है। वहीं, इस बार प्रथम कुश्ती जीतने वाले पहलवान को एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार के साथ साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरा ईनाम 51 हजार रुपये तीसरा ईनाम 31 हजार रुपये,चौथा ईनाम 21 हजार रुपये पांचवां ईनाम 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कौच ओम सिंह जागलान, सुमित्रा उर्फ पोपो, खुशी राम, रणधीर सिंह जागलान, राजेश जागलान, रविन्द्र, टोनी जागलान, नीनी जागलान, रणजीत जागलान, सुरेन्द्र कौच, वाईस चेयरमैन आर्य सुरेश जिला परिषद, नरेंद्र, तिलक राज, प्रदीप शर्मा समेत बडी संख्या में कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे।

आरोपियों का रहन-सहन जांचा

पानीपत। पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण के निर्देश पर अपराधिक केसों के अपराधियों के रहन सहन, व्यवसाय उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की गई। अदालत के आदेशानुसार जेल से बेल पर बाहर आए हत्या के दो, एनडीपीएस एक्ट के चार, स्नेचिंग के एक, लूट के एक, चोरी के तीन अपराधियों को जिला पानीपत में उनके दिए गए पते पर जाकर चेक किया गया। और जानकारी जुटाई गई की अपराधी अपने दिए गए पते पर रह रहा है या नहीं।

श्रद्धालुओं ने नवकार महामंत्र का जाप किया


पानीपत। जैन श्रद्धालु, डॉ. राजेश मुनि महाराज से आशीर्वाद लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आत्मानंद जैन सभा के पदाधिकारियों के आग्रह पर महा अभिग्रह धारी डॉ. राजेश मुनि महाराज ठाणे-चार का हुडा सेक्टर 11 के श्री संभावनाथ जैन मंदिर में पधारणा हुआ। यहां पर मुनिश्री ने मंदिर में बैठकर ध्यान किया। जबकि श्रद्धालुओं ने नवकार महामंत्र का जाप किया। वहीं, सभा के महामंत्री अरुण जैन ने मुनिश्री के सम्मान में निधि जैन, डॉ ईश्वर जैन, राजेंद्र जैन, अंजलि जैन आदि के साथ स्वागत गीत गाया। वहीं, महासाध्वी श्री समता महाराज एवं साध्वी श्री भविका जी महाराज, श्री राजेंद्र मुनि महाराज ने मंगल पाठ की कृपा की। स्मरणीय है कि आराधना पद्धति की थोड़ी-थोड़ी भिन्नता के आधार पर जैन धर्म की चार मुख्य धाराएं दिगंबर, श्वेतांबर मूर्ति पूजक, श्वेतांबर स्थानकवासी व तेरापंथी है। कार्यक्रम में ईश्वर जैन, सुभाष चंद्र जैन, अरुण जैन, सुमित सुराणा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पुलिस ने चोर पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री की टीम ने सिवाह गांव में घर के साथ बनी सुनार की दुकान से सोने चांदी के गहने चोरी करने के मामले में तीसरे आरोपी सुरजीत उर्फ जलवा पुत्र बिजेंद्र निवासी उद्देशीपुर, जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस दीपक पुत्र महाबीर निवासी उद्देशीपुर और अनुज पुत्र राजेश निवासी मच्छरौली को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, हरिकिशन निवासी गांव सिवाह की शिकायत पर थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में केस दर्ज है।

कातिलाना हमलावर पकड़े

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने मनमोहन नगर में शोएब और उसके भाई फरमान पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपियों अकबर पुत्र समीम व साहिब उर्फ सोयब उर्फ गंजा पुत्र सामु निवासी मनमोहन नगर को गिरफ्तार किया है। थानेदार अनिल के बताया कि शोएब पुत्र मुजम्मिल निवासी हाली कॉलोनी की शिकायत पर थाना किला में केस दर्ज है।

सत्ता के लालची हैं विपक्षी दल: दुष्यंत

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय 'श्याम कमल' में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जिला महामंत्री सुनील कंसल ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया, जबकि जिला महामंत्री सुमित जागलान ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय त्यागी, प्रसन्नता चावरिया, राममेहर मलिक, मनजीत डिकाडला और देव मलिक ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक से पूर्व जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत पानीपत की चारों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी से एक विशाल यात्रा भी निकाली जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों में जनता के रचनात्मक नहीं है। विपक्षी दल सत्ता प्राप्ति को स्वार्थ और द्वेष की राजनीति कर रहे है।


पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

ये मौजूद रहे

उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अभियान की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने और कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी मंडल अध्यक्षों के साथ सतीश सहगल, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत्त आर्य, जिला सह-मीडिया प्रभारी तरुण पसरीचा, जिला सह-मीडिया प्रभारी ऋषभ अग्रवाल और जिला आईटी प्रमुख राहुल राणा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उत्सव स्वयं सेवकों ने शहरी व ग्रामीण अंचल में पथ संचलन किया

दशहरे पर आरएसएस ने शस्त्र पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विजयदशमी पूर्व धूमधाम से मनाया। वहीं, संघ ने पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में शस्त्र पूजन कर पथ संचलन किया। पानीपत में विजयदशमी कार्यक्रम पार्वती स्कूल में आयोजित किया गया। यहां स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया और शस्त्र पूजन के साथ उत्सव मनाया। वहीं, बापौली मंडल में आयोजित विजयदशमी उत्सव में जिला कार्यवाह धर्मेंद्र देशवाल मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किया। लव-कुश उपनगर का विजयदशमी कार्यक्रम यमुना एंक्लेव स्थित 12 एकड़ पार्क में आयोजित किया गया। इसमें सरदार सुरजन सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख केदार दत्त ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। डॉ. अंबेडकर उपनगर का विजयदशमी कार्यक्रम अर्जुन नगर स्थित ग्लोबल स्कूल में संपन्न हुआ। इस मौके पर अजय, सत्यवान शर्मा, सुनील कुमार, रामनिवास, केडी शर्मा आदि मौजूद रहे।


पानीपत। गांव जलालपुर प्रथम में पथ संचलन करते स्वंय सेवक। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न कार्यक्रम हुए

इसमें गो संरक्षण के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल मुख्य वक्ता रहे। इधर, गांव जलालपुर प्रथम स्थित नव ज्योति मॉडल स्कूल में विजयदशमी उत्सव पर पथ संचलन और शस्त्र पूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में दीपक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि आनंद कौशिक मुख्य वक्ता रहे।

श्रीराम का जीवन त्याग और धर्म का संदेश है : डॉ. श्रीप्रकाश

कुरुक्षेत्र। वैदिक काल से ही भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक और शौर्य की उपासक रही है। हमारी संस्कृति की गाथा इतनी निराली है कि देश के अलावा विदेशों में भी उनकी गूँज सुनाई देती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने विजयादशमी एवं दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित विजय संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।कार्यक्रम का शुभारंभ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की स्तुति से हुआ। विजय संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा हमारा इतिहास साक्षी है, हर युग में अन्याय, अहंकार, अत्याचार और आतंकवाद जैसे कलंक रूपी असुर रहे है। यह पर्व हमें संदेश देता है कि अन्याय और अधर्म का विनाश तो हर हाल में सुनिश्चित है।

शुभम स्वामी ने गोल्ड मेडल जीता

पानीपत। हरियाणा कैडेट व जूनियर ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शुभम स्वामी ने गोल्ड मेडल जीत कर पानीपत का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है। वहीं, गोल्ड जीतने पर कोच नसीम अंसारी तथा कोच अंकुश गहलावत ने शुभम को बधाई दी। शुभम स्वामी का नेशनल चैम्पियनशिप में भी चयन हुआ है।

बेटी घर की शान का हुआ मंचन

पानीपत। रंगमंच कला संगम के 64वें धर्म प्रचार महोत्सव के तहत बेटी घर की शान नाटक का मंचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज का बेटा राहुल विज रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी सुलेख जैन रहे। रंगमंच कला संगम के प्रधान रमेश मल्होत्रा, विनोद पांचाल, पार्षद अनिल मदान, महासचिव यश गुप्ता, संजय ठाकुर, राज बठला, चंदगीराम प्रजापति व अशोक लूथरा ने अतिथियों सम्मान किया।

बैडमिंटन में कांस्य जीता

समालखा। 59वीं हरियाणा स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में गौतम बैडमिंटन अकादमी समालखा के खिलाड़ी मनन कुहार व यशवी सैनी ने अंडर 15 मिक्स्ड डबल्स वर्ग में ब्रांच मेडल जीता है। अकादमी के डायरेक्टर भगवान दास एवं कोच सनी गौतम, कुलदीप धीमान, सूरजभान सहरावत, नीरज, अजय राठी, बलकार राठी, मोहित गौतम एसबीआई मैनेजर, अनिल सैनी, प्रवीण गौतम आदेश ने विजेताओं को बधाई दी।

जाल चोरी करने वाले दो पकड़े

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गांव गढ़ी बेसिक की गलियों में लगे लोहे के जाल चोरी करने के दो आरोपियों मुजम्मिल पुत्र सालिम और तैयब पुत्र शोकत दोनों निवासी नवादा पार, जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। इस केस में गांव गढ़ी बेसिक के सरपंच रफाकत हसन की शिकायत पर थाना सनौली खुर्द में केस दर्ज है।

खबर संक्षेप

जवानों को मिली पदोन्नति

अंबाला। अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पंकज नैन ने सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट कार्यशैली को देखते हुए रेंज के 12 पुलिस कर्मचारियों को हेड कांस्टेबल (एचसी) से सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नत किया है। इसमें मुख्य सिपाही देवीलाल, बबली कुमार, रजनीश कुमार, अशोक कुमार, रोहताश कुमार और जगदीश शामिल हैं। कुरुक्षेत्र से मुख्य सिपाही सूरजभान, मनजीत सिंह, कर्मवीर और आजाद सिंह, यमुनानगर से मुख्य सिपाही तरसेम मनोज को पदोन्नत किया गया है।

जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में तैराकों ने 40 पदक जीते

अंबाला। बहादुरगढ़ में आयोजित 43वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने कुल 40 पदक अपने नाम किए, जिनमें 12 स्वर्ण, 11 रजत और 17 कांस्य पदक शामिल हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन के साथ अंबाला ने तैराकी प्रतियोगिता में अपनी मजबूत धाक जमाई है। जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह और स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने शिरकत की ।

पुरुष व महिला पहलवानों का चयन

अंबाला। आगामी राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा और केसरी कुमार दंगल (पुरुष व महिला) के लिए जिला स्तरीय टीमों के चयन के लिए ट्रायल संपन्न हो गए। छावनी स्थित वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के नजदीक बने एससी हॉस्टल परिसर में आयोजित इन ट्रायल्स में जिलेभर से आए करीब 250 पहलवानों ने भाग लिया। ट्रायल में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन, महिला कुश्ती और विभिन्न केसरी व कुमार टाइटल वर्गों के लिए पहलवानों ने दमखम दिखाया। वहीं ट्रायल प्रक्रिया में सीनियर पुरुष व महिला, केसरी कुमार टाइटल, केसरी-मिट्टी पुरुष वर्ग तथा अंडर-17 और अंडर-20 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अवैध हथियार-चार जिंदा रौंद सहित एक गिरफ्तार

अंबाला। सीआईए-1 की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों सहित एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो अवैध हथियार (एक देशी पिस्तौल व एक देशी कट्टा) और चार जिंदा रौंद बरामद किए गए हैं। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक परमवीर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई थी। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर थाना पड़ाव क्षेत्र के अंतर्गत मोहड़ा फ्लाईओवर के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की पहचान अक्षित उर्फ पुच्ची निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबाला छावनी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी लड़ाई-झगड़े से संबंधित आपराधीक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी से 1 अवैध देशी पिस्तौल, 1 देशी कट्टा, 4 जिंदा रौंद जब्त किए।

जिले में रही दशहरा मेलों की धूम, भारी भीड़ उमड़ी

विजयदशमी पर्व : बुराई पर अच्छाई की हुई जीत, धूं-धूंकर जले अहंकारी

जिले में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव, हर जगह रही कड़ी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विजयदशमी का त्योहार मंगलवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रावण व मेघनाथ के साथ कुंभकरण के पुतलों का भी दहन किया गया। इस बार भी जिले का सबसे ऊंचा रावण बराड़ा में तैयार किया गया था। जबकि अधोया में 90 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन रिमोट कंट्रोल से किया गया। हर जगह रावण-मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ जुटी थी। इससे पहले मुख्य आयोजनों पर भव्य शोभायात्राएं निकाली गई। लोगों ने राम-लक्ष्मण, सीता व हनुमान के पात्रों के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि इस बार अंबाला कैंट में चार, अंबाला शहर में तीन जगहों पर दशहरे का कार्यक्रम आयोजित हुआ जबकि इसके अलावा साहा, शहजादपुर, नारायणगढ़ में भी दशहरे पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मेला स्थलों पर किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। खासतौर पर मुख्य सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए भी पुलिस की ओर से खास बंदोबस्त किए गए थे।



अंबाला। बराड़ा में रावण के पुतले के दहन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



रिमोट का बटन दबाते ही जला रावण

बराड़ा। यहां आयोजित तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव का मंगलवार को रावण दहन के साथ भव्य समापन हुआ। दशहरा ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी अरुण गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर 100 फीट के रावण के विशाल पुतले का दहन किया। बटन दबाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस दौरान दशहरा ग्राउंड में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महोत्सव के तीनों दिन लोगों में खासा उत्साह बना रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा रावण दहन का आनंद लिया।

पंजाबी गायकों के गीतों पर झूमे दर्शक

विक्रम राणा और अमरपाल राणा की अध्यक्षता में आयोजित दशहरा महोत्सव का शुभारंभ 18 अक्तूबर को पंजाबी गायक दिलप्रीत ढिल्लों की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। पहले दिन आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में गायक ने अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में पंजाबी संगीत का खूब रंग जमा। महोत्सव के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को पंजाबी गायक जर्मन मान ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। शाम को आयोजित कार्यक्रम में पंजाबी गीतों की धुन पर लोग झूमते नजर आए। जर्मन मान की प्रस्तुति ने दशहरा महोत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। लगातार दो दिन तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पंजाबी संगीत का जादू छाया रहा। बराड़ा के अलावा आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग कार्यक्रमों का आनंद लेने पहुंचे।

अधोया में 90 फुट ऊंचे पुतले का दहन

उधर गांव अधोया में मंगलवार को दशहरा पर्व पर 90 फुट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। रावण का पुतला तैयार करने पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हुए। रामलीला कमेटी के प्रधान संदीप चौहान और निर्देशक एवं सचिव अनिल अहलावादी ने बताया कि दशहरा पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह था। मंगलवार शाम साढ़े छह बजे आयोजित कार्यक्रम में बराड़ा के एमसी बलजिंदर सिंह जग्गी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और रावण के पुतले का दहन किया। इस दौरान दशहरा कमेटी के संयोजक विक्रम राणा, अमरपाल राणा, रिचा पाहवा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, हन्नी पाहवा, पिंटू राणा, देवेंद्र बंसल, लक्की राणा, नवदीप शर्मा, कंवरपाल, हितेश पाहवा, हर्ष कोचर, राजेश सिंगला, कुंवर पाहवा, मनु पाहवा, लक्की, प्रशांत चौहान, रोहतास राणा सरपंच गांव थंबड, एडवोकेट अंकित, विपिन जायसवाल, सुरेश कुमार, कर्ण राणा, शक्ति राणा व अन्य मौजूद रहे।

क्रेन के जरिए खड़ा किया था पुतला

बराड़ा दशहरा महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दशहरा कमेटी के संयोजक विक्रम राणा ने बताया कि रावण के 100 फुट ऊंचे विशाल पुतले को क्रेन की मदद से खड़ा कर दिया गया है। पुतला तैयार करने के लिए बुलाए गए कारीगर काम अधूरा छोड़कर चले गए थे। इसके बाद अमरपाल राणा ने पुतले को पूरा करवाने की जिम्मेदारी संभाली थी। स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयासों से रावण दहन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

मुलाना में 65 फीट रावण का पुतला

यहां के माता बाला सुंदरी मंदिर के मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। यहां पर रावण के पुतले की लंबाई 65 फीट रही है। मेला आयोजन को लेकर इस बार आयोजकों की ओर से खास तैयारियां की गई थी। रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का भी दहन किया गया। इस नजारे को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बडी संख्या में लोगों ने हिस्सेदारी की।

अंबाला कैंट में चार जगह कार्यक्रम

अंबाला कैंट में हर बार की तरह इस बार भी दशहरा मेला का चार जगहों पर आयोजन किया गया। इसके तहत अंबाला कैंट के गांधी मैदान में मुख्य दशहरा उत्सव आयोजित हुआ। यहां पर करीब सत्तर फीट ऊंचे रावण के पुतले को तैयार किया गया था। इसी तरह रामबाग रोड दशहरा मैदान में भी करीब पैंतालिस फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ इसके अलावा रेलवे कालोनी स्थित नाचघर व तोपखाना परेड में दशहरा उत्सव का आयोजन हुआ। हर जगह भारी संख्या में लोगों ने दशहरा उत्सव का आनंद लिया।

अंबाला शहर में तीन जगह मनाया उत्सव

अंबाला शहर में भी इस बार हर साल की तरह तीन जगह दशहरा उत्सव मनाया गया। इनमें हुडा मैदान सेक्टर नौ, रामबाग मैदान और बलदेव नगर में दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। अंबाला शहर के रामबाग में 65 फीट रावण, 60 फीट कुभकर्ण, 55 फीट मेघनाद तैयार किए गए थे। बलदेव नगर में 55 फीट रावण और 50 फीट मेघनाथ बनाए गए थे। सनातन धर्म सभा दशहरा के संरक्षक अमरदीप सिंगला ने बताया कि सेक्टर नौ के ग्राउंड में हर साल दशहरा उत्सव का आयाजन किया जाता है।

राम-रावण के अंतिम युद्ध पर हुआ दहन

सभी जगह आयोजित दशहरा उत्सव में राम_रावण के युद्ध के बाद पुतलों का दहन किया गया। मेला आयोजकों की ओर से राम के एक तीर के साथ ही रावण का अंत का शानदार मंचन करने की व्यवस्था की गई थी। पुतलों के दहन के साथ ही भव्य आतिशबाजी हुई थी।

भजनों की धुन पर भक्तों संग झूमे मंत्री विज, माथा टेक देवी मां का आशीर्वाद लिया

- बाजीगर मोहल्ले में विशाल भगवती जागरण में ज्योति प्रचंड की
- आयोजक समिति को 21 हजार रुपये स्वैच्छिक कोष से दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने नवरात्रों के अवसर पर देर रात्रि अलग-अलग स्थानों पर आयोजित भगवती जागरण एवं माता की चौकी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर देवी मां का आर्शीवाद लिया। इस दौरान वे भजनों और भेंटों पर भक्तजनों के साथ जमकर झूमे। देर रात्रि शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट सोसायटी द्वारा कॉलोनी के पार्क में "माता की चौकी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने देवी मां के समक्ष श्रद्धापूर्वक माथा टेका और आरती में हिस्सा लिया। इस दौरान महामाई के भजनों व भेंटों पर ऊर्जा मंत्री श्रद्धालुओं के साथ श्रद्धापूर्वक झूमे। इस दौरान सोसायटी पदाधिकारियों द्वारा विज को सम्मानित भी किया गया। सोसायटी के चेयरमैन कपिल विज, प्रधान राजेश अग्रवाल, बलित नागपाल, विपिन खन्ना, गौरव सोनी, विवेक जैन, सुमेश खन्ना, प्रवेश शर्मा, दीपक कौशिक, भोला, डॉ. हरप्रकाश, दिनेश अग्रवाल, दीपक, परवीन, दिनेश सचदेवा, प्रमोद शर्मा, अनु विज, डिंपल अग्रवाल, आशा खन्ना, सविता विज, सोनिया देसवाल, सोनिया नागपाल, वनिता, प्रियंका चोपड़ा, शालू भसीन, मधु खन्ना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



लोगों के साथ झूमते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इससे पहले ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने एफसीआई गोदाम के निकट बाजीगर मोहल्ले में आयोजित 10वें विशाल भगवती जागरण में श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। उन्होंने जागरण में माता रानी का आर्शीवाद लेते हुए ज्योति प्रचंड की जिसके बाद सभी को नवरात्रों व विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक समिति को अपने स्वैच्छिक कोष से 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर विज का बाजीगर मोहल्ला में भाजपा नेता विक्की बाजीगर, अनिल नागर, ललता प्रसाद, रवि बुद्धिराजा, प्रवेश शर्मा, विजय धीमान, अनिल बहल सहित बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया।

ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, मां व बेटा घायल

जींद। नरवाना के सदर थाना के निकट तेजरफ्तार ट्राले की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई। जबकि मृतका के साथ सवार मां बेटा घायल हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर फरार ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलराज नगर (कैथल) निवासी पलक (26) गांव खानपुर निवासी उसकी सहेली ममता, उसका बेटा तनिष्क (4) वर्ष गत दिवस स्कूटी पर पूजा अर्चना के लिए गांव बनभौरी गई थी। शाम को तीनों स्कूटी पर सवार होकर वापस कैथल लौट रही थी। नरवाना के सदर थाना से आगे हिसार-चंडीगढ़ पर पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्राले ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक ट्राले समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनो को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने पलक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतका के भाई रवि चौहान ने बताया कि पलक कैथल के प्राइवेट अस्पताल में नर्स का कार्य करती थी। सोमवार को सुबह वह उसकी सहेली तथा बच्चे के साथ गांव बनभौरी पूजा अर्चना के लिए स्कूटी पर गई थी।

अंबाला: गायकों ने अपनी मधुर आवाज में फिल्मों के सदाबहार गीतों से समां बांधा

- "गुदगुदी जंक्शन-गाता रहे मेरा दिल" द्वारा "गीत गाता चल" कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला क्लब के नीलगिरि सभागार में सोमवार सायं संगीतमयी कार्यक्रम /"गीत गाता चल/" आयोजित किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारी असीम अग्रवाल ने बताया कि गुदगुदी जंक्शन के 200वें म्यूजिकल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ कुरूक्षेत्र से संरक्षक जितेंद्र बंसल, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.गुलशन ग्रोवर, अमरजीत पांचाल और जिला अम्बाला प्रभारी डॉ. संजय गौतम, सामाजिक आयोजन प्रभारी अरुण शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों और गायकों द्वारा सुरों की देवी मां सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम अधिकारी राकेश आहूजा के निर्देशन में गाता रहे मेरा दिल के गायकों ने अपनी मधुर आवाज में फिल्मों के सदाबहार गीतों से समां बांधा जिसमें अम्बाला छावनी प्रभारी राकेश आहूजा ने टाइटल सांग /"गीत गाता चल/"...,ललित वर्मा ने /"दिल में हो तुम आंखों में तुम/"...,सुरेश कुमार ने /" ओ हसीना जुल्फों वाली...,इंद्र शर्मा ने /"ये तेरी आंखें झुकी झुकी/"....,अमीषा ने /"रहे न रहे हम/"...,संजीव शर्मा ने जब वी मैट का कर्णप्रिय गीत /"तुम से ही/"....आदि गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गीतों के दूसरे राउंड ड्यूट सांग में राकेश आहूजा- संजीव शर्मा ने /"चल मेरे भाई तेरे हाथ जोड़ता हूं/"...,ललित वर्मा- सुरेश कुमार ने /"सलामत रहे दोस्ताना हमारा/"...और इंद्र शर्मा-अमीषा ने /"देखा है पहली बार/"...काफी सराहे गए।



अंबाला। कार्यक्रम में झूमते संगीत प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

अध्यक्षीय संबोधन में चंद्रमौलि ने कहा कि जीवन में गीत-संगीत का योगदान अत्यंत गहरा, व्यापक और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा हुआ है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे मानसिक, शारीरिक और सांस्कृतिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। संगीत मस्तिष्क को सुकून देता है, तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है। जब शब्द भावनाओं को बयां करने में असमर्थ होते हैं, तब गीत-संगीत हमारी खुशी, दर्द, प्यार और उदासी को आसानी से अभिव्यक्त कर देता है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम, असीम अग्रवाल, संजय कपूर, विद्या दत्त शर्मा, रामचंद्र सपरा, विनोद कुमार सपरा, अंजली सिफ्रर, मीरा कपूर,सूबेदार मेजर लाभ भारद्वाज, जगदीश शर्मा, ताराचंद शर्मा, राजकुमार चौहान, अशोक चौहान, कुलबीर सिंह चोपड़ा, कपिल नारंग, गुलशन नारंग और मोहित शर्मा सहित बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल रहे।



अग्रोहा धाम यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

कुरुक्षेत्र। श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान विशाल सिंगला की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्र बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रधान विशाल सिंगला ने आगामी 25 अक्तुबर को आयोजित होने वाली अग्रोहा धाम यात्रा में शामिल होने के लिए सभी अग्र बंधुओं को सादर निमंत्रण दिया। इस अवसर पर विशाल सिंगला ने सभी अग्र बंधुओं से अपील की कि वे इस धार्मिक एवं सामाजिक यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लें और अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब प्रतियोगिता

विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब में अटल टिंकरिंग लैब प्रतियोगिता 2026–27 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, तकनीकी ज्ञान और नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को दो स्तरों में आयोजित किया गया। प्रथम स्तर (कक्षा छठी एवं सातवीं) तथा द्वितीय स्तर (कक्षा आठवीं से दसवीं)। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक सेंसर, प्रोग्रामिंग, स्वचालन तथा आधुनिक तकनीक पर आधारित विभिन्न उपयोगी और नवीन प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इनमें स्मार्ट रेफ्रिजरेटर, इको पॉटहोल–रोड सेफ्टी वार्निंग सिस्टम, अल्को लॉक–स्मार्ट व्हीकल इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम, इंटेली ट्रैफिक, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्ट एंटी-कोलिजन स्टिक, एलओटी आधारित फायर एवं एलपीजी डिटेक्शन एंड अलर्ट सिस्टम, ग्रीन कॉरिडोर फॉर इमरजेंसी व्हीकल्स, इको स्ट्रीट–स्मार्ट लाइटिंग एवं ग्रीनर फ्यूचर, जैसे प्रोजेक्ट शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उनकी उत्सुकता, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल सराहनीय रहे। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाओं को व्यावहारिक रूप देने तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स की सराहना की। बताया कि नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत स्थापित अटल टिंकरिंग लैब का उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता कल्पनाशीलता को बढ़ावा देना है।



अंबाला। प्रतियोगिता में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये रहे विजेता

निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन नवीनता एवं रचनात्मकता, वैज्ञानिक एवं तकनीकी समझ, कार्यशील मॉडल की उपयोगिता तथा प्रस्तुतीकरण एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग जैसे मानदंडों के आधार पर किया।प्रतियोगिता में प्रथम स्तर (कक्षा छठी एवं सातवीं) पर प्रथम स्थान काव्या एवं अक्ष (ग्रीन कॉरिडोर फॉर इमरजेंसी व्हीकल्स), द्वितीय स्थान – विराज एवं नवदीप (एनिमल डिटेक्टर), तृतीय स्थान – सहजप्रीत एवं सर्गुन (स्मार्ट हेलमेट) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्तर (कक्षा आठवीं से दसवीं) पर प्रथम स्थान नमन खटकर (अल्को लॉक – स्मार्ट व्हीकल इग्निशन इंटरलॉक सिस्टम), द्वितीय स्थान – युवराज सिंह (एलओटी आधारित फायर एवं एलपीजी डिटेक्शन एंड अलर्ट सिस्टम), द्वितीय स्थान – आरव एवं रुद्र (स्मार्ट रेफ्रिजरेटर) ने हासिल किया।